हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 04 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

****

पश्चिम बंगाल, असम, केरलम, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। मतगणना के अब तक के रूझान के मुताबिक भाजपा पश्चिम बंगाल और आसाम में बढ़त बनाए हुए है। अभी तक पश्चिम बंगाल में मिल रहे रूझान के अनुसार भारतीय जनता पार्टी ने 191 सीटों पर बढ़त बना ली है।तृणमूल कांग्रेस गठबंधन 96 सीटों पर आगे चल रहा है। वामदल दो सीट पर बढ़त बनाए हुए है।

राज्य की फलता सीट पर दोबारा चुनाव कराने का फैसला किया गया है। यहां 21 मई को मतदान होगा। असम में विधानसभा की सभी 126 सीटों के रूझान मिल रहे हैं। सत्तारूढ़ भाजपा गठबंधन 98 सीटों पर आगे है। कांग्रेस गठबंधन 26 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है।

तमिलनाडु में विधानसभा की सभी 234 सीटों के लिए मिले रूझान के अनुसार अभिनेता विजय जोसेफ की पार्टी टीवीके 108 सीटों पर आगे है।

****

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने उन खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि आधार कार्ड का स्वरूप इस साल के अंत तक बदलकर केवल एक फोटो और एक क्यूआर कोड वाला हो जाएगा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सरकार की ऐसी कोई योजना नहीं है।

****

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच, कुछ समय के लिए रोकी गई उड़ानों के बाद संयुक्त अरब अमीरात -UAE ने भारत के कई शहरों के लिए सामान्य उड़ानें फिर से शुरू कर दी हैं।

यह कदम तब उठाया गया जब UAE की आम नागरिक विमानन अथॉरिटी ने देश के हवाई क्षेत्र के भीतर सामान्य हवाई नेविगेशन कार्यों को पूरी तरह से फिर से शुरू करने की घोषणा की और अस्थायी एहतियाती उपायों को हटा दिया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इसके परिणामस्वरूप, भारतीय और UAE की विमानन कंपनियों ने UAE से भारत के कई शहरों के लिए नियमित उड़ानें फिर से शुरू कर दी हैं।

इस बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि वह पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को देखते हुए ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री संचालन और भारतीय नागरिकों को सहायता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है।

सरकार ने बताया है कि 46,313 मीट्रिक टन तरल पेट्रोलियम गैस -LPG भारत ला रहे जहाज़, MT सर्व शक्ति ने होर्मुज़ जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर चुका है।इस LPG वाहक जहाज़ के 13 मई को विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद है।

****
****

आज सुबह कैथल पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के बाद एक इनामी वांशित अपराधी संदीप उर्फ कोहली को दबोच लिया गया। मुठभेड़ के दौरान बदमाश की टांग में गोली लगी जबकि एक पुलिस कर्मचारी की बुलेट प्रूफ जैकेट पर भी एक गोली लगी।

पुलिस उपाधीक्षक सुशील कुमार ने मीडिया को बताया कि सुबह करीब चार बजे मिली एक सूचना के आधार पर उसका पीछा किया गया।आरोपी ने पुलिस पर गोली चलाई जवाबी गोलीबारी में वह मारा गया। बदमाश पर पांच हजार रुपए का इनाम था। वह हत्या व अन्य मामलों में वांछित था

उन्होंने बताया कि आरोपी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। आगे कार्रवाई जारी है।

****
****

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों तथा संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सहयोग से आज से अखिल भारतीय ‘अग्नि सुरक्षा सप्ताह’ मना रहा है। इसका उद्देश्य देश भर के स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि संबंधी खतरों की रोकथाम और निवारण के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है।

****
****

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कल 'सशक्त नारी - सशक्त समाज - सशक्त राष्ट्र' विषय पर एक संगोष्ठी और प्रदर्शनी का आयोजन होगा। जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे।

सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के एम पांडुरंग ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संगोष्ठी और प्रदर्शनी के लिए किए जा रहे प्रबंधों की समीक्षा की।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में लगभग 50 पैनल लगाए जाएंगे। पैनल्स पर देश, प्रदेश और कुरुक्षेत्र की उन महिलाओं के चित्र सहित उनकी उपलब्धियों को अंकित किया जाएग, जिन्होंने देश व समाज के लिए सराहनीय कार्य और उपलब्धियां हासिल की हैं। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के प्रयासों से विभिन्न गांवों में चलाए जा रहे कौशल केंद्रों, सिलाई, कढ़ाई केंद्रों से लगभग 8 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

इसके अलावा विश्वविद्यालय में चल रहे कला उत्सव में देश भर से पहुंची कलाकारों में से 8 महिला कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में वाद-विवाद प्रतियोगिता भी होगी, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

****
****